## हम भी हैं जोश में...

Brought to you by SAFFRON LANDMARKS
Aurangabad Maha Marathon
A LOKMAT INITIATIVE
17 Dec 2017
21km
Associate Sponsor riso 100% Ricebran Oil
Powered by DHOOT TRANSMISSION
#MahaMarathon /MahaMarathon

### समाज के युवा जरूर दौड़ेंगे



“गुजराती समाज को स्वस्थ्य रखने के लिए युवाओं को स्वस्थ रहना बेहद आवश्यक है. बीते वर्ष भी समाज के युवाओं ने उत्साह से मैराथन में भाग लिया था. इस वर्ष भी युवा उत्साहित हैं और वह जरूर मेराथन में भाग लेंगे. समाज के कार्यकारिणी प्रेरणा देने का भरसक प्रयास कर रही हैं. लोकमत समूह के इस आयोजन की हम सराहना करते हैं.

**- शिरीष वकील, सचिव द्वारिकाधीश मंदिर व सात मंदिर ट्रस्ट**




औरंगाबाद के लोकमत भवन में गायकवाड़ मैनेजमेंट ग्रुप की ओर से (बाएं से) राजश्री व्यास, मनीषा कोल्हे, कीर्ति येवले, राम परिहार, संदीप कुलकर्णी, नीलेश दाभाड़े, नीलेश व्यास, सूरज बाविस्कर, केआर शिंदे, शशांक पुंड, पंढरी गायकवाड़, भगवान गायकवाड़, सोहम दुधमोगरे, अनिल अंभोरे, सुनील जाधव, चंद्रकांत त्रिमुखे, भारत वायकोस, जगदीश काले, रंजना कुलकर्णी, गणेश पांचाल, अश्विनी गोलेगांवकर, आशीष परिहार, अंकुर गायकवाड़.




औरंगाबाद के लोकमत भवन में बागल और आर्मी ग्रुप की ओर से (बाएं से) एसएस भोसले, सागर गायकवाड़, सुशांत पठारे, आशीष जुमदे, महेश जोशी, सुरेश लोहाड़े, महिंदर सिंह, रूपेश जैन, ब्रिगेड्यिर अनुराग विज, कर्नल एसएसम किरण कुमार, रवींद्र पिटाले, धनंजय वड़गांवकर, एचआर अहिरे, भाग्यश्री लहाने, हेता ब्रम्हभट्ट, सूबेदार मेजर टीएस शिवशंकर, जीएनआर कृष्णा थुने.

# कम से कम बच्चों के लिए दौड़िए आप



## मॉल न्यूट्रीशियन से बचाने शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप गुजराती ने दी सलाह

औरंगाबाद। 1 दिसंबर। लोस सेवा

भारत देश में 35 साल पहले कुपोषण 'मॉल न्यूट्रीशियन' एक बड़ी बीमारी थी. आज यह कुपोषण मोटापे के रूप में लौटा है. बदलती जीवन शैली ने बच्चों को अपने घरों में और स्क्रीन की चाह में इस बीमारी का शिकार बनाया है. इस बीमारी से बचने का एकमात्र तरीका है दौड़ना, चलना.

यह सलाह है शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप गुजराती कि. उन्होंने कहा कि आज बच्चों को मोटापे की बीमारी से बचाने के लिए बच्चों को दौड़ने, चलते, शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है. इसके लिए पहल माता-पिता को करनी होगी. बच्चों को प्रेरणा देने के लिए मैराथन एक अच्छी जगह हैं जहां बच्चे दौड़ने को मनोरंजन के तौर पर लेंगे और फिर यह उनकी आदत में शुमार हो जाता है. डॉ गुजराती के मुताबिक आज की जीवनशैली में माता-पिता व्यस्त हैं और बच्चों टीवी से लेकर मोबाइल के स्क्रीन से चिपके हुए हैं. यही कारण है कि मैदानी खेल, दौड़ना बच्चों से दूर हो गया है. परिणाम स्वरुप मोटापे की बीमारी तेजी से पैर फैला रही है. बच्चों को दौड़ने के लिए प्रेरित करें और स्वयं भी स्वास्थ्य के लिए दौड़ने की सलाह डॉ गुजराती ने दी है.

बच्चा थोड़ा सा ही वेट बढ़ते ही सुस्त हो जाता है. शहरीकरण के दौर में बच्चों को बुर्जुग अथवा नौकर पाल रहे हैं. दोनों को ही आराम पसंद ही, इसी चाह में बच्चा घर और मोबाइल में कैद हो गया है. इस कैद से छुटकारा दिलाने में मैराथन जैसी स्पर्धाएं बहुत अहम कार्य कर सकती है.




औरंगाबाद के लोकमत भवन में ईरा इंटरनेशनल स्कूल की ओर से (बाएं से) स्मिता तुपे, सोनाली त्रिभुवन, छाया डहाले, रीना शर्मा, संपदा देशमुख, वनीता कांबले, वर्षा घोगरे, स्वाति काकड़े, स्मिता रिंढे, डॉ सतीश गोरे, रेखा गोरे, अनिल जाधव, मनोज कानोड्जे, अजय आलसपुरे, क्रांति गहाणे, रोहिणी देशपांडे, संगीता कुरकुरे, विजया मंदवाड़े, स्वाति वरुले, अनुश्री मुले, सुषमा सरकटे.

### ग्रुप बुकिंग के लिए संपर्क करें

महामैराथन में अपना हिस्सा जल्द से जल्द निश्चित करें. इसके लिए पंजीयन लोकमत भवन, रीगल लॉन, जालना रोड में सुबह ग्यारह बजे से शाम पांच बजे तक कराया जा सकता है. स्पर्धा में स्कूल, महाविद्यालय, कंपनी के कर्मचारी, रनर्स ग्रुप भी एकत्रित रूप से पंजीयन करा सकते हैं. मैराथन में पंजीयन कर अधिक से अधिक धावक, नागरिक भाग लें.

**स्पर्धा**
- Half Marathon - 21 Kms
- Power Run - 10 Kms
- Fun Run - 5 Kms
- Family Run - 3 Kms

अधिक जानकारी व ग्रुप बुकिंग के लिए 9921030700, 0240-3021708 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है. महामैराथन में पंजीयन ऑनलाइन भी किया जा सकता है. इसके लिए धावक www.mahamarathon.com वेब लिंक पर जाएं.

# विवि के गणित विभाग की परिषद 9 दिसंबर से

औरंगाबाद। 1 दिसंबर। लोस सेवा

डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के गणित विभाग में अंतर्राष्ट्रीय परिषद 9 से 11 दिसंबर 2017 के बीच आयोजित की जा रही है. इसमें अमेरिका के फील्ड्स मेडांलिस्ट प्रोफेसर झेल्मानोव मार्गदर्शन करेंगे.

फील्ड्स मेडल गणित का नोबेल पुरस्कार माना जाता है. इस परिषद में विश्व स्तर के प्रोफेसर एसके जैन (अमेरिका), आंद्रे लेरॉय (फ्रांस), प्रा अल्बर्टो फकिनी (इटली) के व्याख्यान रखे गए हैं. साथ ही भारत के आईआईटी मुंबई, टीआईएफआर, आईआईटीएसी बेंगलुरु, आईएमएससी चेन्नई संस्था के प्रोफेसरों के व्याख्यान होंगे. मराठवाड़ा जैसे विकासशील इलाके में फील्ड्स मेडालिस्ट जैसे गणितज्ञ पहली बार एक साथ आ रहे हैं. यह जानकारी विभाग प्रमुख डॉ मीनाक्षी वासडीकर ने दी है. इस परिषद का लाभ स्नातकोत्तर विद्यार्थी भी ले सकते हैं, ऐसी जानकारी आयोजकों ने दी.

# उद्योगपति नरेंद्र खिंवसरा का निधन

औरंगाबाद। 1 दिसंबर। लोस सेवा



प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी नरेंद्र उत्तमचंद्र खिंवसरा का आज रात आठ बजे लंबी बीमारी के चलते संथारा व्रत में निधन हो गया. उन्हें दोपहर लगभग एक बजे संथारा दिया गया था. वह 52 वर्ष के थे. उनकी अंतिम यात्रा कल, शनिवार को दोपहर एक बजे एन-1 स्थित निवास से निकाली जाएगी.

मूल रुप से सिन्नर, जिला नासिक के नरेंद्र खिंवसरा ने वर्ष 1986 में अलाइन ग्रुप की स्थापना की थी. बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के लिए वह गुप्त रुप से सेवा में सक्रिय रहे. प्रत्येक वर्ग की मदद करने के साथ ही वे लायंस क्लब चिकलथाना के सक्रिय सदस्य, जीतो के संस्थापक अध्यक्ष के रुप में अपना योगदान समाज को देते रहे. श्रावक संघ में भी प्रमुखता से वह सक्रिय रहते थे. नरेंद्र खिंवसरा के पश्चात परिवार में पत्नी प्रीतम खिंवसरा, बेटा निखिल, बेटी प्राची, भाई सुभाष, किशोर, अनिल और बहन सुनंदा खिंवसरा से भरापूरा परिवार है. समाजसेवी नरेंद्र खिंवसरा की इच्छा अनुसार उनके नेत्र दान किए गए हैं. सेंट्रल नाका स्थित श्मशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा.

## रेमंड मरियन का निधन



**औरंगाबाद.** नंदनवन कॉलोनी के निवासी रेमंड ग्रेगरी मरियन का गुरुवार को निधन हो गया. वह 77 वर्ष के थे. छावनी स्थित सेंट फ्रासिंस डी सेल्स कैथेड्रल में उनके अंतिम संस्कार की प्रार्थना के बाद पड़ेगांव स्थित ईसाई कब्रिस्तान में उनकी दफन विधि की गई. उनके पश्चात परिवार में पत्नी, पुत्रियां, दामाद और नाती-पोती थे.

# 'ईद-ए-मिलादुन्नबी' पर 'जुलूस-ए-मोहम्मदी' आज

### अन्नदान के साथ ही होंगे विभिन्न आयोजन

औरंगाबाद। 1 दिसंबर। लोस सेवा

पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्ल. के जन्म दिवस पर आयोजित 'ईद-ए-मिलादुन्नबी' के अवसर पर कल दो दिसंबर को 'जुलूस-ए-मोहम्मदी' पूरी शान से निकाला जाएगा.

'जुलूस-ए-मोहम्मदी' को देखते हुए कमेटी की ओर से तैयारियों का सिलसिला जारी है. साथ ही पुलिस अधिकारियों से भी मुलाकात कर 'जुलूस-ए-मोहम्मदी' के आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया. 'जुलूस-ए-मोहम्मदी' का आरंभ कल सुबह नौ बजे शहागंज स्थित हजरत निजामोद्दीन चौक से होगा. यह जुलूस शहागंज चमन, संस्थान गणपति, राजा बाजार, नवाबपुरा, रणमस्तपुरा, जिंसी चौक, हजरत निजामोद्दीन दरगाह, चंपा चौक, चेलीपुरा, मंजूरपुरा, मोमिनपुरा, लोटा कारंजा, सिटी चौक, कबाड़ीपुरा, बुड्ढी लेन, जूना बाजार, सिटी चौक, सर्राफा, गांधी पुतला, शहागंज चमन होते हुए दोबारा हजरत निजामोद्दीन चौक पहुंचेगा. यहां पर 'सलाम' और 'फातिहा' पढ़ी जाएगी.

'जुलूस-ए-मोहम्मदी' में इंतेजामिया कमेटी के अलावा रजा अकादमी, अहले सुन्नत वल जमात, सुफियाना जमात, दावत-ए-इस्लामी के अलावा शिया और बोहरा समाज के सदस्य भाग लेंगे. जुलूस को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान डॉ शेख मुर्तुजा, हिदायत उल्ला खान तर्रार, असद उल्ला खान तर्रार, एड जियाउद्दीन खान, काजी आरिफउद्दीन, सैयद मजहर शुत्तारी, सैयद मुशीर हुसैन (शिया जमात), शेख मुकर्रम बागवाला (बोहरा समाज), शेख अशफाक इकबाल, काजी शकील, सैयद आसिफ अली, शेख सोहेल, डॉ सैयद मोहम्मद अली, शेख अफसर आदि ने किया है. 'ईद-ए-मिलादुन्नबी' के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर अन्नदान का आयोजन किया गया है. विशेष रुप से शाहबाजार, जिंसी समेत अन्य इलाकों में सुबह से अन्नदान किया जाएगा.

**बाजार में रौनक**

जुलूस-ए-मोहम्मदी को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर दुकानों में तरह-तरह के झंडे, रुमाल, टोपियां आदि के साथ ही धार्मिक गीतों की सीडी, डीवीडी बड़ी संख्या में पहुंची है. इसके साथ ही बाजार में भी चहल-पहल बढ़ गई है. शहर के विभिन्न इलाकों में बिजली की रोशनी की आकर्षक सजावट की गई है. विशेष रुप से कटकट गेट से यूनुस कॉलोनी, रोशन गेट से चंपा चौक, चंपा चौक से जिंसी चौक, जिंसी चौक से बायजीपुरा और राजाबाजार चौराहे तक का परिसर जगमगा रहां है.





औरंगाबाद में गुरुवार शाम को 'अंजुमन-ए-सैफी' की ओर से 'मिलाद उन नबी' के अवसर पर पानदरीबा से निकाले गए जुलूस में शामिल बोहरा समाज के लोग.

### 'नात उन नबी' का मुकाबला आज

**औरंगाबाद.** 'अंजुमन तहफ्फुज मुआशरा' की ओर से 'नात उन नबी' का मुकाबला कल, दो दिसंबर को रखा गया है. स्थानीय बायजीपुरा में रहीमा मस्जिद के पास स्थित कुरैशी पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में सुबह नौ बजे लड़कियों के लिए तथा सुबह ग्यारह बजे लड़कों के लिए 'नात उन नबी' का मुकाबला होगा. इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान आयोजकों की ओर से किया गया है.

### बोहरा समाज ने मनाई 'मिलाद उन नबी'

**औरंगाबाद.** शहर के बोहरा समाज की ओर से पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्ल. के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार की शाम को 'अंजुमन-ए-सैफी' की ओर से 'मिलाद उन नबी' का जुलूस निकाला गया. जुलूस की शुरुआत पान दरीबा स्थित नजमी मस्जिद से हुई. यह जुलूस सर्राफा होते हुए सिटी चौक स्थित सैफी मस्जिद में पहुंचा. यहां पर जुलूस का समापन हुआ. जुलूस के समापन पर सैयदना साहब की 'सीडी' दिखाई गई. यह 'सीडी' पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्ल. के जन्म और उनके संदेश पर आधारित थी. सैयदना साहब ने बोहरा समाज से आह्वान किया कि वह अच्छा आचरण करें और मिलजुल कर रहें. 'सीडी' पर आयोजित सैयदना साहब के संदेश के बाद सभी ने सामूहिक भोज में भाग लिया. इस अवसर पर आमिल साहब, शेख ताहेर भाई, हुसैन बागवाला, अरशद नोमी, मुश्ताक फलक, सैफुद्दीन नांदगांववाला समेत बड़ी संख्या में छोटे-बड़े सभी मौजूद थे.

## डाक सांस्कृतिक स्पर्धा के लिए गवई का चयन



**औरंगाबाद.** भारतीय डाक विभाग की ओर से रत्नागिरी में आयोजित राज्यस्तरीय डाक सांस्कृतिक प्रतियोगिता में स्थानीय महा डाकपाल कार्यालय के पर्यवेक्षक गौतम गवई ने लोकगीत गायन में प्रथम क्रमांक प्राप्त किया है. गवई की इस उल्लेखनीय सफलता पर अब उनका चयन ओडिसा के भुवनेश्वर में अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए किया गया है. प्रतियोगिता के लिए मुंबई, पुणे, नागपुर, गोवा विभाग के कलाकार शामिल हुए थे.

आता प्रथमच सेक्स समस्यांवर अत्याधुनिक विदेशात प्रचलित लेझर व व्हॅक्युम थेरेपी उपचार
विवाहापुर्वी व विवाहानंतर समस्यांसाठी एम.बी.बी.,एस.एम.डी. डॉक्टरांचा सल्ला
हस्तमैथुन, स्वप्नदोष, विर्यदोष, शिघ्रपतन, इंद्रीय शिथिलता, पुरुष वंधत्व
हायपोगोनॅडिझममुळे इंद्रीय समस्या, मधुमेहामुळे आलेली लैगिंक शिथीलता
ऑलीगोस्पर्मीया : शुक्रजंतुची संख्या कमी असणे. अॅझुस्पर्मीया: शुक्रजंतुची संख्या अजीबात नसणे.

आशाकिरण क्लिनीक
१९८५ पासुन शास्त्रीयोक्त मार्गदर्शन केंद्र
३८, निराला बाजार, बाटा शोरुम समोर, औरंगाबाद. वेळ - स.११ ते ३ व सायं.७ ते ९ शनिवार रविवार बंद
कृपया अनावश्यक खर्चीक व फसव्या उपचारापासुन सावध मो. 7769856821 9767132521

# राज्य भर में उत्पात मचाने वाली 'खिड़की गैंग' गिरफ्तार

औरंगाबाद। 1 दिसंबर। लोस सेवा

औरंगाबाद समेत राज्यभर में मकानों की खिड़कियां तोड़कर सेंधमारी, लूटपाट कर उत्पात मचाने वाली 'खिड़की गैंग' के तीन सदस्यों को शहर अपराध शाखा पुलिस ने गुरुवार की रात को गिरफ्तार किया. उन्होंने शहर में छह स्थानों पर चोरी करने की बात कबूल की है.

पकड़े गए आरोपियों में सैयद सिकंदर सैयद अख्तर (35, निवासी-मोहम्मदिया कॉलोनी, बीड़), सैयद सिराज सैयद लियाकत (32, पूरग्रस्त कॉलोनी, बीड़, फिलहाल निवास, वड़गांव गुप्ता, अहमदनगर) और शेख बबलू शेख रहमान (31 निवासी नागापुर एमआईडीसी, दांगट मला, अहमदनगर) का समावेश है. उनके कब्जे से एक विस्टा कार (एमएच-16-एजे-2487), खिड़की, ग्रिल तोड़ने के दो कटर, स्क्रू ड्राइवर, दो बैटरियां और तीन मोबाइल फोन जब्त किया गया है. तीनों आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया. अदालत ने उन्हें 6 तारीख तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है.

अपराध शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक अजबसिंह जारवाल को गुरुवार रात एक मुखबिर से सूचना मिली थी कि हर्सूल टी पॉइंट पर मनपा स्वच्छतागृह के पास एक ग्रे कलर की विस्टा कार खड़ी है और उसमें कुछ लोग संदिग्ध अवस्था में बैठे हुए हैं. इस जानकारी के आधार पर पुलिस आयुक्त यशस्वी यादव, उपायुक्त डॉ दीपाली धाटे-घाड़गे, सहायक आयुक्त रामेश्वर थोरात के मार्गदर्शन में सहायक निरीक्षक अजबसिंह जारवाल, जमादार शिवाजी झिने, विलास वाघ, राजेंद्र सालुंके, रवि दाभाड़े, विशाल सोनवणे, देवचंद महेर, गजानन मांटे, सुनील धात्रक, प्रभाकर राऊत, चालक थोरे आदि ने रात नौ बजे हर्सूल टी प्वाइंट पर कार को घेर लिया. आरोपियों को भागने का मौका नहीं मिला. आरोपियों की कार की तलाशी में चोरी और सेंधमारी करने के लिए आवश्यक हथियार उनकी गाड़ी में मिले. उनसे पूछताछ करने पर आरोपियों ने कबूल किया कि वह खिड़कियां और ग्रिल तोड़कर चोरी करते हैं. औरंगाबाद शहर में उन्होंने अब तक छह स्थानों पर इस प्रकार खिड़की तोड़कर चोरियां की हैं. आरोपियों को पुंडलिक नगर थाना क्षेत्र में हुई सेंधमारी के मामले में गिरफ्तार किया गया. वह ऐसे ही मकानों में चोरी करते थे, जिनके घर में तीन-चार साइड खिड़कियां है, वॉल कम्पाउंड हैं और लकड़ी की खिड़कियां फ्रेम हैं. दिन भर में घूम-फिरकर ऐसे मकानों को देखने के बाद रात में चोरी कर कार से वह रातों-रातो फरार हो जाते थे.

औरंगाबाद के अलावा इस टोली ने बीड़, अहमदनगर और अन्य जिलों में भी उत्पात मचाया है. अनेक जिलों की पुलिस उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही है. इस टोली के हत्थे चढ़ने ने उनसे और भी मामले उजागर होने की संभावना पुलिस ने व्यक्त की है.



औरंगाबाद में गुरुवार की रात को हिरासत में लिए गए खिड़की गैंग के आरोपियों से जब्त की गई सामग्री को दिखाते पुलिस अधिकारी.

### यहां की सेंधमारी

खिड़की गैंग ने सिडको, एन-3 में संजय नानाजी दराड़े नामक व्यापारी के बंगले में 16 नवंबर की अल सुबह चोरी की थी. संजय और उनका परिवार गहरी नींद में था कि खिड़की गैंग ने खिड़की तोड़कर घर में प्रवेश कर तीन-चार लाख का मुद्देमाल चुराया था. इसी तरह सिडको, एन-3 में भी एक बंगले में ऐसी ही एमओबी का इस्तेमाल कर तीन लाख रुपए कीमत के गहने उड़ाए थे. व्यंकटेशनगर में रहने वाले कृषि अधिकारी अंकुशराव गुलाबराव कोलते के बंगले की खिड़की के ग्रिल तोड़कर नकदी एक लाख समेत पांच लाख पर हाथ मारा था. वहीं सिडको, एन-3 में ही रहने वाले पूर्व पुलिस अधिकारी अशोक कटके के बंगले की खिड़की तोड़कर गैंग ने पांच लाख रुपए के माल की चोरी की थी.

### गश्त का समय मालूम

टोली की खासियत थी कि उन्हें पुलिस की गश्त का समय मालूम रहता है. वह दिन भर बंगला देखने के बाद रात 12 बजे के आसपास बंगले के कम्पाउंड अथवा सीढ़ियों के अंधेरे में जाकर छिपते थे और जब सभी लोग सो जाते हैं तो वे चोरी को अंजाम देकर सुबह पांच बजे तक वहीं पर छिपकर बैठते थे और पुलिस जैसे ही रोड से गायब हो गई कि आरोपी बाहर निकलकर फरार होते थे.

### कुख्यात आरोपी

तीनों आरोपी कुख्यात हैं, सिकंदर तो जलगांव के एक मामले में डेढ़ साल तक जेल में था और उसे जेल ने जमानत मंजूर की है, जबकि एक मामले में उसे तीन साल की सजा भी सुनाई है.

लोकमत सखी मंच
प्रिव्हिलेज मंच २०१६-१७ सुखी जीवनाचा साथीदार.. परिवाराचा आधार !
२४
'सखी मंच' व 'प्रिव्हिलेज मंच' सदस्यांसाठी
श्रीमंतीचा मार्ग - शेअर बाजार
अंकशास्त्र व शेअर बाजार या विषयावर SHETALL BAKHREY यांचे मार्गदर्शन

• डेली ट्रेडिंग
• फ्युचर ट्रेडिंग
• ऑप्शन ट्रेडिंग
• इक्विटी ट्रेडिंग
• पोर्टफोलिओ मॅनेजमेंट
• ऑनलाइन ट्रेडिंग
• GST चा शेअर बाजारावर कसा परिणाम होईल
प्रवेश सर्वांसाठी निःशुल्क राहील
दिनांक : २ डिसेंबर २०१७ । वेळ : सायं. ५.३० वाजता
स्थळ : लोकमत भवन, जालना रोड, औरंगाबाद
सूचना: सखी मंच सदस्यांना व त्यांच्या कुटुंबियांना मोफत प्रवेश
• प्रिव्हिलेज मंचच्या सर्व सदस्यांना प्रवेश
अधिक माहितीकरिता संपर्क : मो - 9850406017
प्रायोजक
शीतल शेअर्स क्लासेस
प्लॉट नं. २३, गणेश प्लाझा, दिवाण देवडी, गुलमंडी औरंगाबाद
मो: 9422705755, 9422701150